
APOGEE 2022
THE ENCRYPTED DIMENSION
7TH - 10TH APRIL

हिन्दी प्रेस क्लब

# प्रवाह

## हिन्दी प्रेस क्लब

## दिवस-0, अंक-1



# अंदर पढ़िए


- **संपादकीय** - 1
- **अङ्क्रय्प्टेड डाइमैन्शन** - 2
- **कर्नल इवेंट्स** - 3
- **राएट स्टोरी** - 5

# संपादकीय

सारी तैयारियां हों चुकी थी, सब तय हों गया था पर फिर **2020** मे कोरोना के संकट के चलते उस अपोजी को रद्द करना पड़ा। एक वर्ष घर पर रहने के बावजूद हमने हार नही मानी और परिस्तिथि का सामना करते हुए बड़े ही जोश के साथ अपोजी **2021** ऑनलाइन करवाया। यह आपके, मेरे और सभी बिट्सियंस के लिए बड़े गर्व की बात थी। परंतु अब **2022** है। कॉलेज खुल चुकी है और हम सब घर से फिर कैम्पस लौट आए है। इस वर्ष यहाँ मौजूद **3** बैच पहली बार ऑफलाइन अपोजी देखेंगे। एक हफ्ते पहले से ही ऐसा माहौल बन चूका था कि मानो यह फेस्ट केवल **4** दिनों का नही बल्कि पूरे सप्ताह का हों। आखिर सब जानते है कि टेक फेस्ट ऑफलाइन होने का एक अलग ही अलोकिक मज़ा है।

महामारी के दिनों को अलविदा कहते हुए यह अपोजी मेरे लिए जीवन के एक नए अध्याय की तरह है जो परिवर्तन को दर्शाता है। यह परिवर्तन है ऑनलाइन से ऑफलाइन जाने का। यह परिवर्तन है अपने सीनिअर्स के निर्देशानुसार काम करने से लेकर खुद के कंधो पर ज़िम्मेदारी उठाने का। और आख़िरकार यह परिवर्तन है उस नई दुनिया को खोजना और समझना जिससे हम दो साल से वंचित रह गए। इसी विचारधारा से मेल खाती हुई इस अपोजी **2022** की थीम **ENCRYPTED DIMENSION** से शायद ही कोई और बेहतर थीम हों सकती थी।

मेरे विचार से अपोजी केवल नामचीन होने के कारन सफल नही है बल्कि अपोजी इसलिए सफल है क्योकि इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतियोगी और इसे सँभालने वाले सभी विद्यार्थी इसमें अपने दिल लगा लेते है, पुरे मन से सुबह - शाम काम करते है। दिन मे लाइब्रेरी तो रात मे **SAC,** कभी **ROTUNDA** मे बैठकर विचार - विमर्श करते तो कभी काम के बहाने **ANC** पहुच जाते पर जो भी करते सब साथ मिलकर करते।

यही अपनेपन को देखकर मुझे प्रेरणा मिलती है और मै दुगने जोश से अपना काम करता हू। इन्ही लम्हों को अमर करने के लिए मै अपने कलम के माध्यम से अपोजी के कार्यक्रमों को अपने पत्रिका मे सभी के समक्ष प्रस्तुत करता हू। मै आशा करता हू कि यह चार दिवस की यात्रा आपके और मेरे लिए यादगार रहे और जब कभी भी कोई इसके लेख पढ़े तो उन्हें अपोजी के माहौल का एहसास हों। जब मुझे यह संपादकीय लिखने का कार्य सौपा गया था तब मे थोडा व्याकुल था कि क्या लिखू पर अब जब लिखना शुरू किया तो कलम रुकने को तैयार ही नही पर मै भी सभी की तरह समय और कागज़ की सीमा मे बंधा हुआ हू। अंततः मै सभी को इस अनोखे अपोजी के लिए शुभकामनाएँ देकर सभी से विदा लेना चाहूँगा।

# अङ्क्रप्टेड डाइमैन्शन

अपोजी लौट आया है अपने नए संस्करण के साथ उसी जोश और उमंग को लिए, तकनीक और विकास के क्षेत्र में प्रगति करने को अग्रसर अपोजी इस साल कुछ नया और अनोखा प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। काफ़ी समय बाद परिस्थितियाँ विश्व भर में अनुकूल हो रही है, उसी प्रकार अपोजी भी अपने पुराने रूप में ऑफलाइन रूप में आयोजित किया जाएगा। वास्तव में ऑनलाइन से ऑफलाइन आयोजित करवाने में अलग कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन सभी ने पूरी मेहनत कर इस अपोजी को आनंदमयी और प्रेरणादायी बनाने का प्रयास किया है। अपोजी के **40** वें संस्करण की थीम है **" THE ENCRYPTED DIMENSION "**। इस थीम के कई मायने हैं। वैश्विक महामारी ने तकनीक और डिजीकरण को बहुत बढ़ावा दिया है।इसने हमें हमारी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने में सहायता की है। ऐसी कई तकनीक हैं जो इसी काल में विकसित हुई हैं, हमने पूरे विश्व का डिजिकरण होते हुए देखा, इससे कई नए अवसर खुले और उसी से प्रेरित होकर इस थीम का चयन हुआ। वास्तव में अपोजी लोगों  को नवाचार और नयी संभावनाओ के **dimension** को **decrypt** करने का अवसर दे रहा है और ऑनलाइन से ऑफलाइन फेस्ट के परिवर्तनों के अनुभवों  को भी **decrypt** करने का अवसर दे रहा है। सभी आयोजनकर्ता यह उम्मीद करते है की अपोजी का लोग सम्पूर्ण लाभ उठाएँ और इसे आनंदमयी अंदाज़ में **decrypt** करें।

# कर्नल इवेंट्स

**APOGEE 2022** ने अब बिट्स पिलानी के **'डाएमेंशन'** को **'एन्क्रिप्ट'** कर लिया है। हर साल की तरह इस साल भी **100** से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन में से कुछ प्रोग्राम ऐसे हैं जो **'कर्नल इवेंट्स'** के नाम से जाने जाते हैं जिन को **APOGEE** के मुख्य इवेंट्स की उपाधि दी जाती है। इन इवेंट्स के समय पर फेस्ट में कोई और गतिविधियां नहीं होती।

इस साल के कर्नल इवेंट्स निम्नलिखित हैं**:**

- **APOGEE** इनोवेशन चेलेंज**:** इस कार्यक्रम में दुनिया की नामी कम्पनियां विद्यार्थियों के लिए उन समस्याओं का विवरण करती हैं जिनका अक्सर दफ्तरों में सामना किया जाता है। जो छात्र इनके लिए सबसे अच्छे समाधान बताते हैं**,** उन्हें पुरुस्कृत किया जाता है। **BITS Embryo** द्वारा आयोजित यह रोमांचक इवेंट ऑनलाइन मोड में हो रहा है जिस में **1-3** लोगों की टीम्स हिस्सा ले सकती हैं।

- स्टॉक मार्केट सिमुलेशन**:** वित्त की दुनिया में रूचि रखने वाले सभी लोगों के लिए **'**इकोनोमिक्स **&** फायनेंस एसोसिशन**'** और कोडिंग क्लब एक अच्छा मौका लेकर आए है जहाँ हर प्रतिभागी को **1,00,000 '**वर्चुअल**'** रूपए दिए जायेंगे जिन्हें **'**स्टॉक मार्केट**'** में इन्वेस्ट करना होगा।यह कार्यक्रम **8** अप्रैल रात **12** बजे **(00:00)** से **10** अप्रैल **23:59** तक चलेगा।

- रिवर्स इंजिनियरिंग**:** मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रोग्राम में एक परीक्षा होगी जिसे पार करने के बाद किसी तंत्र के पुर्जे अलग करने का काम दिया जाएगा और फिर **'Fusion 360'** नामक सॉफ्टवेर से उनकी **3-D Modelling** करनी होगी।

- **Gambling Mathematics:** गणित और भाग्य का यह खेल दो भागो में होगा**-** पहले भाग में गणित के **10** सवाल पूछे जायेंगे जिसके बाद चालीस टीमों का चयन होगा। दूसरे भाग का आयोजन **8** अप्रैल को होगा जिस में सवालों के साथ बाज़ी भी लगानी होगी।

- ओवरहेड ट्रांसमिशन**:** प्रष्नोत्तरी के नाम से उत्साहित होने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए **ELAS** द्वारा यह प्रोग्राम रखा जा रहा है। मेजर चंद्रकांत नायर इस प्रतियोगिता को होस्ट करेंगे। **1-2** प्रतियोगी साथ में भाग ले सकते हैं और विजेताओं को नकद राशि से पुरुस्कृत किया जाएगा ।

- मेकेनिक्स**:** दिमाग पर ज़ोर डालने वाली इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को सिर्फ़ मेकेनिकल और फ्लूइड पावर की मदद से **3** घंटों में एक ऑटोमैटिक मेकेनिस्म तैयार करना होगा जिसकी सूची **APOGEE** की वेबसाईट पर डाली जायेगी।

- श्रीकांत विश्वेश्वरैया एनालॉग डिजाइन प्रतियोगिता**:** इस कार्यक्रम में प्रतियोगियों का एनालौग्स के बारे में ज्ञान परखा जाएगा। थेओरी से लेकर **SPICE- based design** तक हर विषय का परीक्षण किया जाएगा।

- **Armageddon: CS-GO, Valorant** एवं **BGMI** जैसे ऑनलाइन खेलों में अपनी काबिलियत दिखाने के लिए गेमिंग क्लब द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है**,** जिस में **50,000** रुपयों तक के नकद पुरूस्कार दिए जायेंगे।**7-10** अप्रैल **SAC** में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी।

- **International Coding League (ICL):** बिट्स **ACM** द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम **10** अप्रैल को **2** से **5** बजे ऑनलाइन मोड में होगा जिस में **5-6** एल्गोरिथ्मिक मुश्किलों का हल निकालना होगा। **C, C++** एवं **JAVA** की जानकारी होना फायेदेमंद साबित होगा।

- **Whodunnit:** सभी के भीतर छुपे हुए शरलोक होम्स को जगाने के लिए केमिस्ट्री एसोसिएशन एक रोमांचक खेल आयोजित कर रहा है जिस में संकेतों द्वारा एक मर्डर में खूनी का पता लगाना होगा। इस खेल का पहला भाग **8** अप्रैल को **3** से **6:30** बजे रूम नंबर **5102, 5105** में होगा जिस में प्रतियोगियों को एक मुश्किल परीक्षा हल करनी होगी। दूसरा भाग **10** अप्रैल को **4** से **7:30** बजे रूम नंबर **1205** मे शुरू होगा।

# राएट स्टोरी

"आज, खुश तो बहुत होगे तुम **?"**, क्योंकि **APOGEE** हिंदी प्रेस इस साल वापिस लेकर आ रहा है पिछले वर्ष की ब्लोकबस्टर प्रतियोगिता **"Riot Story"**। पिछले वर्ष बेशुमार प्यार,सराहना और सह-भागिता से नवाज़ी गयी इस प्रतियोगिता ने एक अनूठा रूप धारण कर लिया है। इस प्रतियोगिता में कुल **8 – 10** टीमें होंगी, जिनकी योग्यता का मापदंड एक विलोपन प्रतियोगिता होगी जिसका नाम **"Mystery box"** है। **"Mystery box"** में सभी प्रतियोगी टीम **3** राउंड खेलेंगे जो वस्तुनिष्ठ और व्यक्तिपरक होंगे। अब आते हैं हमारी मुख्य प्रतियोगिता **"Riot Story"** पर, यह प्रतिस्पर्धा कल्पनाशक्ति, रचनाशक्ति, कथाकारिता और पार्श्व सोच का एक शानदार मिश्रण है। **'स्टोरी'** शब्द पढ़ के इसे कोई साधारण कहानी स्पर्धा मानने की गलती भूल कर भी मत करना। साधारण कहानियों के तत्वों को यह प्रतियोगिता तोड़ कर एक ऐसा रूप देती हैं कि प्रतियोगी समझ नहीं पाते की इसकी खूबसूरती का आनंद लें या घबराएं क्यूंकि खेल उनकी उम्मीदों से बिलकुल विपरीत है। विश्व के हर बड़े खेल के पहले जैसे खेल के तत्वों को बोली लगाकर खरीदा जाता है वैसे ही इस प्रतियोगिता में एक कहानी के तत्वों, जैसे- किरदार, संवाद, स्थान एवं वस्तु, को टीमें बोली लगाकर खरीदेंगी, पर रुको, सब्र करो ! यह बोली पैसों के बदले नहीं परंतु एक ऐसे तत्व के बदले होगी जिसके बिना एक कहानी की रचना करना असंभव है – "समय"। जी हां सही सुना**!** हर तत्त्व को खरीदने के लिए दिया गया कुछ समय कुर्बान करना होगा, परंतु आप सोचेंगे कि एक कहानी की बोली में भला बड़ी बात क्या हैं **?** है जनाब, इसलिए ही तो यह प्रतियोगिता सराहनीय बनी। इस कहानी के तत्त्व कोई साधारण तत्त्व नहीं हैं**!** जैसे एक पारंपरिक कहानी को तोड़ा गया है वैसे ही हर तत्त्व का अर्थ और कर्त्तव्य इस प्रतियोगिता के सन्दर्भ में वास्तविक अर्थ से बिलकुल विपरीत हैं। अब चुनौती यह आती है कि कैसे प्रतियोगी इन विभिन्न तत्वों से एक मज़ेदार खिचड़ी बनायेंगे। अंत में हर टीम को अपनी कहानी प्रस्तुत करनी होगी। आयोजकों को गर्व हैं कि इस वर्ष इस प्रतियोगिता को संपन्न बनाने हेतु बिट्स के पूर्व छात्रों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है जो सभी कहानियाँ सुनेंगे और विजेता टीम घोषित करेंगे। यह तो बस एक छोटी सी झलक है इस रोमांच और उतार-चढ़ाव से भरी प्रतियोगिता की। इसके अतिरिक्त होने वाले ढेर सारे आनंद,ट्विस्ट और ठहाकों का पता आपको लग ही चूका होगा, जिसका नाम है **"Riot Story"** ।

Register Now →

# प्रायोजक

# अपोजी हिन्दी प्रेस

**माणिक्य, वत्सल, प्रत्युष, मनाल, मोहनीश, मानस, आकाश, आदित्य, अनुज**

**परीश्री, आर्यन, अदिति, भूषण, हार्दिक, संस्कार, लाम्बा, हर्ष, वासु, रेहान, शाल्मली, हेमांग**

**देव, ऋत्विक, आकाश, सर्वेश, आरुषी, आर्यमन, सूरज, जैनम, आर्ची, निशिका, भव्य, हिमांशी, आदित्य**

**मौलि, अमृत, मल्लिका, वैभव, सर्वाक्ष, वैष्णवी, वैभवराज, चेतन**